# Code No. 1201

**Class : 9th (Ninth)** **Series : 9-M/2020**

रोल नं० : | | | | | | | | | | |

**हिन्दी**

(only for Fresh / School Candidates)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---



Downloaded from cclchapter.com

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

**खण्ड – क**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिएः

(क) अनुस्वार एवं अनुनासिक किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। 2

(ख) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य निर्माण कीजिए : 1 + 1 = 2

अंग-अंग ढीला होना, कलेजा ठंडा होना।

(ग) समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1 + 1 = 2

आजीवन, पीताम्बर

(घ) उपसर्ग किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। 2

(ङ) पर्यायवाची शब्द लिखिए (दो-दो ) : 2

अम्बर, घर

**खण्ड – ख**

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी



Downloaded from cclchapter.com

(ख) मेरे सपनों का भारत

(ग) विजयदशमी

(घ) परोपकार

(ङ) विज्ञान वरदान या अभिशाप

3. अपने मित्र को एक पत्र लिखें, जिसमें प्रातः काल की सैर के फायदे की जानकारी दी गई हो। 4

**अथवा**

अपनी आर्थिक कठिनाइयों का वर्णन करते हुए, मुख्याध्यापक को छात्रवृत्ति के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए : 1 x 3 = 3

(क) कहे कवि बेनी, बेनी व्याल की चुराई लीन्ही ।

(ख) रघुपति राघव राजा राम

(ग) हरिपद कोमल कमल से।

**खण्ड – ग**

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) ‘रस्सी कच्चे धागे की कहने के पीछे कवयित्री का क्या आशय है ?

(i) साँसे (ii) कच्चा धागा

(iii) कमजोर साथी (iv) कपास



Downloaded from cclchapter.com

(ख) कवि रसखान किस पर्वत का पत्थर बनना चाहते हैं ?

(i) गोवर्धन (iii) हिमालय

(ii) मैनाक (iv) अरावली

(ग) कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने कौन-सा गहना पहना हुआ है ?

(i) हार (ii) हथकड़ी

(iii) मुरली (iv) घड़ी

(घ) 'यमराज की दिशा' कौन-सी मानी जाती है ?

(i) पूर्व (iii) उत्तर

(ii) पश्चिम (iv) दक्षिण

(ङ) 'आए बड़े बन ठन के सँवर के' में कौन बन ठन कर आए हैं ?

(i) हवा (ii) आँधी

(iii) मेघ (iv) सूर्य

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 x 5 = 5

क्या देख न सकती जंजीरों का गहना ?
हथकड़ियाँ क्यों ? यह ब्रिटिश राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ ? जीवन की तान,
मिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!



Downloaded from cclchapter.com

हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूआँ
दिन में करुणा क्यों जगे, रुलानेवाली,
इसलिए रात में गजब ढा रही आली ?

**प्रश्न :-**

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) हथकड़ियों को 'ब्रिटिश राज का गहना' क्यों कहा गया है ?

(ग) रात्रि में कोकिला की आवाज कवि को किससे युक्त लग रही है ?

(घ) 'आली' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(ङ) 'खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूआँ' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य, भाव- सौन्दर्य, एवं भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए : 2 x 3 = 6

रस्सी कच्चे धागे की खींच रही मैं नाव
जाने कब सुन मेरी पुकार करें देव भवसागर पार।
पानी टपके कच्चे सकोरे व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे ।
जी में उठती रह-रह हूक, घर जाने की चाह है, घेरे।



Downloaded from cclchapter.com

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 2 = 4

(क) बच्चे काम पर जा रहे हैं, यह एक भयानक प्रश्न क्यों है ? कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) कवयित्री ललद्यद ने समाज में प्रचलित किस सामाजिक बुराई का विरोध किया है ?

**खण्ड – घ**

9. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) दोनों बैल किस भाषा में विचार-विनिमय करते थे ?

(i) बोलचाल की भाषा में (ii) मूक भाषा में

(iii) काव्य की भाषा में (iv) हिन्दी भाषा में

(ख) नेपाल-तिब्बत के अलावा तिब्बत जाने का दूसरा मार्ग कौन सा था ?

(i) चीन तिब्बत मार्ग (ii) भारत-नेपाल मार्ग

(iii) फरी-कलिङ्पोड़ मार्ग (iv) भूटान-तिब्बत मार्ग

(ग) कैसी सामग्री से बाजार भरा पड़ा है ?

(i) खेलकूद की (ii) श्रृंगार की

(iii) विलासिता की (iv) मनोरंजन की

(घ) सालिम अली किसकी तरह अपने कंधों पर अंतहीन सफर का बोझ उठाए थे?

(i) मजदूरों की तरह (ii) कुलियों की तरह

(iii) सैलानियों की तरह (iv) यात्रियों की तरह



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) उस समय लण्डन प्रसिद्ध अखबार कौन-सा था ?

(i) हिन्दुस्तान (ii) ट्रिब्यून

(iii) टाइम्स (iv) जनसत्ता

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 x 5 = 5

सन् 1857 के सितम्बर मास में अर्द्धरात्रि के समय चाँदनी में एक बालिका स्वच्छ उज्ज्वल वस्त्र पहने हुए नाना साहब के भग्नावशिष्ट प्रासाद के ढेर पर बैठी रो रही थी। पास ही जनरल अउटरम की सेना भी ठहरी थी। कुछ सैनिक रात्रि के समय रोने की आवाज सुनकर वहाँ गए। बालिका केवल रो रही थी। सैनिकों के प्रश्न का कोई उत्तर नहीं देती थी।

***प्रश्न :-***

(क) पाठ का नाम व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) गद्यांश में वर्णित बालिका कौन है ? नाम बताइए।

(ग) बालिका कब रो रही थी ?

(घ) सैनिक बालिका तक किस प्रकार पहुँचे ?

(ङ) बालिका कहाँ रो रही थी ?

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 x 3 = 6

(क) लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर बताइए।



Downloaded from cclchapter.com

(ख) सामाजिक नींव को किससे खतरा है और क्यों ? 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) 'ल्हासा की ओर' पाठ में लेखक को भिखमंगे के भेष में यात्रा क्यों करनी पड़ी ?

12. हरिशंकर परसाई अथवा राहुल सांकृत्यायन के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**खण्ड – ङ**

13. कृतिका (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 x 5 = 15

(क) उमा का स्वर आज की नारी का स्वर है। 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

(ख) मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों ?

(ग) लेखिका (मृदुला गर्ग) 15 अगस्त, 1947 का स्वतंत्रता समारोह देखने क्यों न जा सकी ?

(घ) माटी वाली का रोटियों छिपाना व उनका हिसाब लगाना उसकी किस विवशता की दर्शाता है ?

(ङ) शमशेर बहादुर सिंह ने बच्चन के व्यक्तित्व के किन किन रूपों को उभारा है ?



Downloaded from cclchapter.com